COPYRIGHT RESERVED



# 2017

*Time : 3 hours*

*Full Marks : 70*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

*परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें ।*

*The figures in the margin indicate full marks.*

*उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं ।*

*Answer all questions.*

*सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें : 15×2 = 30

(क) 'आषाढ़ का एक दिन' में रंग-विधान के प्रति सजगता है । इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।

(ख) कालिदास **अथवा** विलोम के चरित्र-व्यक्तित्त्व की विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

(ग) मोहन राकेश ने इतिहास को एक उपकरण के रूप में प्रयुक्त किया है — 'आषाढ़ का एक दिन' के संदर्भ में इस विचार का विवेचन कीजिए ।

(घ) 'लाल कनेर के फूल....' के आधार पर सर्जनात्मक लेखन और रचना प्रक्रिया पर विचार कीजिए ।

(ङ) व्यंग्यकार शरद जोशी की रचना 'तुम कब जाओगे अतिथि' से अपना परिचय प्रदर्शित कीजिए ।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2 = 20

(क) सत्ता और प्रभुता का मोह छूट गया है । आज मैं उस सबसे मुक्त हूँ जो वर्षों से मुझे कसता रहा है ।

(ख) तुम जिसे भावना कहती हो वह 'केवल छलना और आत्म-प्रवंचना है ।

(ग) मैंने कहा था कि मैं अथ से आरम्भ करना चाहता हूँ । यह संभवत: इच्छा का समय के साथ द्वन्द्व था ।

(घ) आज सारे युग का परिवेश, प्रतीतियाँ, वातावरण और टेंपरेचर कला-सृजन के अनुकूल नहीं है ।

(ङ) उस दिन जब तुम आये थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था ।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें : 1×10 = 10

(क) 'लहरों के राजहंस' किसकी रचना है ?

(ख) 'अंधा युग' के रचनाकार का नाम क्या है ?

(ग) 'गुनाहों का देवता' किसके द्वारा रचित उपन्यास है ?



(घ) 'यथासंभव' किसकी व्यंग्य-रचनाओं के संग्रह का नाम है ?

(ङ) 'अँधेरे बंद कमरे' के उपन्यासकार का नाम बताइए ।

(च) 'धर्मयुग' के सम्पादक शरद जोशी थे या धर्मवीर भारती ?

(छ) 'देवता दर्शन देकर लौट जाता है' —यह किस रचना से लिया गया वाक्य है ?

(ज) अनुस्वार किस रचना का पात्र है ?

(झ) 'भींगती नहीं तो आज वंचित रह जाती' —यह किसका कथन है ?

(ञ) 'मलबे का मालिक' के कहानीकार का नाम बताइए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2 = 10

(क) मल्लिका के व्यक्तित्व की विशेषताओं का परिचय दीजिए ।

(ख) 'आषाढ़ का एक दिन' शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(ग) शरद जोशी के लेखन से अपना परिचय प्रदर्शित कीजिए ।